अमर उजाला 26/03/2025

प्लेसमेंट ड्राइव में 17 विद्यार्थियों का चयन

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में सीआरसी यूनिट की तरफ से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इसमें लिमिटेड कंपनी से आए कंपनी प्रतिनिधि आदित्य और सुखदेव सिंह ने स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए। इस दौरान डॉ. भारती सुजान ने बताया कि इस ड्राइव में कॉलेज के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें से 30 विद्यार्थी साक्षात्कार के अंतिम चरण तक सफलतापूर्वक पहुंचे और अंत में 17 विद्यार्थी को शॉर्टलिस्ट किया। इस ड्राइव का आयोजन तीन स्तर पर किया। इसमें एप्टीट्यूड टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू शामिल रहे। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, प्रो. कमलप्रीत कौर, प्रो. श्याम पहेजा और डॉ. प्रबलीन कौर मौजूद रहे। संवाद